Castes and Scheduled Tribes as per Government Brochure, Chapter 15, and since when each of them appointed and the status of each of them;

(b) what are the reports of each of these Liaison Officers under para 15.4 of the said Brochure during the last three years, submitted to the Secretary/Additional Secretary etc. and what action was directed by the latter and whether said action as directed was taken and with what result; and

(c) will Government lay on the Table of the House the copies of the said reports, directions and the action taken as per (b) above and if not, why not?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the Lok Sabha.

**डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ शिकायतें**

3413. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डा० राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश और सफदरजंग अस्पतालों के डाक्टरों द्वारा लापरवाही दिखाए जाने की गत वर्ष के दौरान कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ख) उन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव)** : (क) और (ख). पिछले एक वर्ष के दौरान डा० राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण तथा सफदरजंग अस्पतालों में क्रमश: 17, 10 तथा 47 शिकायतें मिली थीं। सभी मामलों में शिकायतों की जांच करने के लिए उचित कार्यवाही की गई है और जहां कहीं आवश्यक होता है उपचारी उपाए किए जा रहे हैं।

**इस्पात और एल्यूमीनियम उद्योगों का राष्ट्रीयकरण**

3414. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस्पात और एल्यूमीनियम उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उनका राष्ट्रीयकरण कब तक किया जाएगा; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक)** : (क) से (ग). जहां तक इस्पात उद्योग का सम्बन्ध है, इस समय टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० ही एक ऐसा सर्वतोमुखी इस्पात कारखाना है जो सरकारी क्षेत्र में नहीं है। इस कम्पनी का सरकार द्वारा अधिग्रहण करने के सुझाव समय समय पर प्राप्त होते रहे हैं। इस बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसी प्रकार सरकार द्वारा हिण्डालको का अधिग्रहण करने के बारे में भी कुछ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस बारे में भी अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**विधवाओं को काम**

3415. **श्री रामदेव सिंह** : क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परामर्शदाता समिति की सिफारिश के अनुरूप पांचवीं कक्षा के स्तर तक पढ़ी विधवाओं को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल रोजगार देने अथवा इस बारे में विधान बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो कब तक; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके मुख्य कारण क्या हैं ?

**संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा)** : (क) से (ग). यह स्पष्ट नहीं है कि माननीय सदस्य किस सलाहकार समिति का जिक्र कर रहे हैं। इस प्रकार की सिफारिश न तो भारत में महिलाओं के रुतबे से सम्बन्धित उस समिति ने की है जिसमें सरकार को अपनी रिपोर्ट 1975 में दी थी और न ही महिलाओं के नियोजन सम्बन्धी उस अध्ययन दल ने जिसे योजना आयोग ने हाल ही में गठित किया है। राष्ट्रीय महिला समिति ने भी ऐसी कोई सिफारिश नहीं की है।

तथापि, जो सरकारी कर्मचारी सेवा के दौरान मर जाते हैं, केन्द्रीय सरकार, उनके पुत्र/पुत्री/निकट सम्बन्धी की करुणामूलक कारणों के आधार पर नियुक्तियां करने की योजना को कार्यान्वित करती चली आ रही है। कुछ सरकारी उपक्रमों ने भी करुणामूलक आधार पर मृत कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार देने सम्बन्धी इसी प्रकार की योजनाएं आरम्भ की हैं।

पंचवर्षीय योजना (1978–83) के परिणामस्वरूप ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार तथा स्व-नियोजन के काफी अवसर सृजित होंगे । इस योजना में महिलाओं (विशेष कर ऐसी महिलाओं जिन्हें देख रेख तथा संरक्षण की आवश्यकता है) के कल्याण के बारे में और अधिक ध्यान देने की परिकल्पना भी की गई है ।

### Own Your Telephone Scheme in New Delhi

3416. SHRI NATVERLAL B. PARMAR: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether despite positive assurance of providing telephone connections to subscribers of 'Own Your Telephone' scheme in Chittaranjan Park, Greater Kailash Part II, Hemkunt etc., New Delhi by September, 1978 no appreciable progress has been made in this direction;

(b) if so, the number of pending applications and those who could get connection;

(c) the names of those who have not been given connection so far and the reasons for the inordinate delay; and

(d) by what time the remaining ones will be provided with telephone connections?

THE MINISTER OF STATE IN MINISTRY OF COMMUNICA- (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) to (d). The information is being collected and will be placed on the table of the House.

### मैनपाठ पठार, मध्य प्रदेश में बाक्साइट निक्षेप

3417. श्री सुभाष आहूजा :
डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के सरगुजा जिले में मैनपाठ पठार में बाक्साइट के विशाल निक्षेपों को निकालने के लिए क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या सरकार ने उक्त कार्य के लिए कोई सर्वेक्षण किया है ;

(ग) क्या उक्त क्षेत्र में पाया गया बाक्साइट अच्छी किस्म का है और वहां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है; और

(घ) क्या उक्त क्षेत्र में बाक्साइट के कारखाने की स्थापना करने का प्रस्ताव है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कड़िया मुण्डा) : (क) और (घ). मैनपाठ बाक्साइट निक्षेपों पर आधारित एक निर्यात प्रधान एल्यूमिना कारखाने की स्थापना हेतु साध्यता रिपोर्ट सोवियत एजेन्सी से तैयार कराई गई थी । साध्यता रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकला कि एल्यूमिना के निर्यात की दृष्टि से इन भण्डारों का विदोहन मितव्ययितापूर्ण नहीं होगा । इन बाक्साइट निक्षेपों के विदोहन का कोई प्रस्ताव नहीं हैं ।

(ख) और (ग). मध्य प्रदेश के सरगुजा जिले में मैनपाठ पठार में वाक्साइट की खोज का काम मध्य प्रदेश सरकार के भूतत्व और खनन निदेशालय द्वारा किया गया था । उक्त निदेशालय द्वारा 4 खण्डों में किए गए निर्धारण के अनुसार 280 लाख टन भण्डार होने का अनुमान है जिनमें 45 से 55 प्रतिशत या अधिक एल्यूमिना है । सरगुजा जिले के मैनपाठ पठार और आस पास के इलाकों में व्यापक खोज कार्य खनिज गवेषण निगम लि० द्वारा कराने का प्रस्ताव है ।

### Supersession in CGHS

3418. SHRI RAJKESHAR SINGH:
SHRI MAHI LAL:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether his Ministry has received a number of representations from the CGHS Doctors regarding errors in the seniority list resulting in the supersession of senior Doctors for the purpose of promotion and confirmation;

(b) whether benefit of serving in the army during 1965 and 1971 was on deputation by some of the Doctors has been denied to them resulting in their supersession by the juniors;

(c) whether some Doctors from the local bodies were included in the